पश्चिम मध्य रेल
West Central Railway
महाप्रबंधक कार्यालय
जनसम्पर्क विभाग
जबलपुर

शक्तिपुंज एक्सप्रेस का एक रैक एलएचबी रैक में परिवर्तित

जबलपुर 14 फरवरी। रेल प्रशासन यात्रियों की सुरक्षित एवं अरामदायक यात्रा के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 11447/11448 जबलपुर–हावड़ा–जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस को एलएचबी कोच के रैक से चलाने का निर्णय लिया गया है। वर्तमान में यह ट्रेन 03 आईसीएफ रैक के साथ संचालित की जा रही है, जिसमें रैक उपलब्धता के अनुसार अभी एक आईसीएफ रैक को एलएचबी रैक से चलने का निर्णय लिया गया है। दूसरा एवं तीसरा रैक मिलते ही एलएचबी रैक में परिवर्तित किया जायेगा।

एलएचबी कोच **गाड़ी संख्या 11447 जबलपुर–हावड़ा एक्सप्रेस में दिनांक 16.02.2023 से** जबलपुर स्टेशन से और वापसी में **गाड़ी संख्या 11448 हावड़ा–जबलपुर एक्सप्रेस में दिनांक 18.02.2023 से** हावड़ा स्टेशन से गन्तव्य के लिए लगेंगे। गाड़ी में एलएचबी कोच लगने से गाड़ी की कोच कंपोजीशन इस प्रकार रहेगी।

कोच कंपोजीशन– इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी, 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 04 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 10 शयनयान श्रेणी, 01 सामान्य श्रेणी एवं 01 जनरेटर कार, 01 एसएलआरडी, 01 वीपी सहित कुल 20 एलएचबी कोच रहेंगे।

ज्ञात हो कि **मेक इन इंडिया पहल** के तहत तैयार किये गए एलएचबी कोच पारंपरिक (आईसीएफ) कोच की तुलना में काफी आरामदायक और अधिक सुरक्षित होते हैं। इनमें उच्च गति क्षमता होती है और वजन में हल्का होते हैं। इन कोचों की एन्टी क्लाइम्बिंग विशेषताएँ दुर्घटनाओं के दौरान उन्हें ढेर होने से रोकती हैं। इससे यात्रियों को नुकसान कम होने की संभावना रहती है। नए डिजाइन में तैयार किये गए यह कोच यात्रा का सुखद एहसास कराते हैं।

संख्याः पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/730/2023 दिनांक 14.02.2023

सम्माननीय संपादक

कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें.

धन्यवाद

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर